संख्या–cm-88
17/02/2021

मुख्यमंत्री की तरफ से गरीब नवाज दरगाह, अजमेर शरीफ के लिए चादर रवाना

पटना 17 फरवरी 2021 :– अजमेर शरीफ रवानगी से पहले 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से बिहार राज्य जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधान पार्षद श्री तनवीर अख्तर के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल गरीब नवाज दरगाह, अजमेर शरीफ में हाजिर होकर उर्स 809 के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की तरफ से चादरपोशी करेगा। चादर भेंट करते हुए मुख्यमंत्री ने बिहार में खुशहाली, अमन–चैन, भाईचारे और सद्‌भाव का माहौल कायम रहने की दुआ माँगी। इस मौके पर उन्होंने बड़ी श्रद्धा के साथ गरीब नवाज दरगाह के लिए चादर भेंट की और दुआओं के साथ प्रतिनिधिमंडल को रवाना किया।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल जनाब मुस्तफा कमाल, डॉ0 आसमां परवीन, असमत नौसाबा, आबिद हुसैन, अफरोज आलम, गुलाम गौस, आफताब आलम, वसीम अंसारी, नेसार अहमद, नौशाबा खानम, गुलाम शब्बीर फरीदी, शाहनवाज खां मौजूद थे।

******